# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS COMPILED BY MEDIA CELL (08.03.2025)


HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
DATE: 08.03.2025, PAGE-08


### विश्वविद्यालय की पहल से फर्जीवाड़े पर लगेगी रोक

# अंकपत्र पर हस्ताक्षर से पहले दो बार हो रही जांच

**बीआरएबीयू**



- टीआर और नेट के रिजल्ट से किया जा रहा मिलान
- पहली बार दोहरे सत्यापन की व्यवस्था शुरू
- 3500 छात्रों के अंकपत्र पर अभी होने हैं हस्ताक्षर

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरएबीयू में छात्रों के अंकपत्र तैयार करने में सख्ती बरती जा रही है। अंकपत्र तैयार करने और उसपर टेबुलेटर के हस्ताक्षर से पहले पूरी जांच की जा रही है। छात्रों को अंकपत्र जारी करने से पहले अंक को टेबलेशन रजिस्टर और इंटरनेट पर जारी रिजल्ट से मिलान किया जा रहा है।

पूरे सत्यापन के बाद ही अंकपत्र पर हस्ताक्षर हो रहे हैं। इसके अलावा कॉलेजों से जो आवेदन आये हैं, उन आवेदनों पर लगी मुहर की भी जांच विवि प्रशासन कर रहा है। बिहार विवि में अंकपत्रों की नकल रोकने के लिए यह सख्ती बरती जा रही है। सूत्रों ने बताया कि अंकपत्र पर हस्ताक्षर करने से पहले इतनी सख्ती पहलीबार विवि प्रशासन ने शुरू की है। बिहार विवि में अभी लगभग 3500 छात्रों के अंकपत्र पर हस्ताक्षर होने हैं। हालांकि, अंकपत्र पर हस्ताक्षर में सख्ती बरतने से समय तो लग रहा है, लेकिन किसी भी प्रकार के फर्जीवाड़े पर इससे रोक भी लगेगी। बिहार विवि में पिछले दिनों कई डिग्रियों पर जांच बैठी थी। टीआर से छेड़छाड़ कर फर्जी डिग्री बनाने का भी मामला सामने आया था। इन सभी फर्जीवाड़ों को रोकने लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने यह सख्त कदम उठाया है।

## छात्र कर सकेंगे रसियन से पीएचडी

- स्टैच्यूड कमेटी की बैठक में लिया गया फैसला
- रसियन में 60 सीटों पर एमए की होगी पढ़ाई

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरएबीयू में इस सत्र से छात्र रसियन से एमए और पीएचडी कर सकेंगे। कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई स्टैच्यूड कमेटी की बैठक में यह फैसला किया गया।

रसियन में 60 सीटों पर एमए की पढ़ाई होगी। रसियन से एमए का सिलेबस भी तैयार कर लिया गया है। रसियन से अभी सर्टिफिकेट और डिप्लोमा कोर्स की पढ़ाई होती है। बिहार के किसी भी विवि में पहलीबार रसियन से पीजी और पीएचडी की पढ़ाई हो रही है। इसके अलावा केमेस्ट्री विभाग में बीटेक इन फूड साइंस की भी पढ़ाई का ऑर्डिनेंस पास हो गया है। इस विषय में 40 सीटों पर दाखिला होगा। कोर्स चार सालों का होगा। स्टैच्यूड कमेटी से पास होने के बाद इसे एकेडमिक काउंसिल में रखा जायेगा। बिहार विवि में इस वर्ष से कई नये कोर्स खुलेंगे। कई कॉलेजों में पत्रकारिता की भी पढ़ाई शुरू होगी।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:.....................** **Date:..........................**


HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
DATE: 08.03.2025, PAGE-08


# विवि को मिमिक्री व समूह लोकनृत्य में तीसरा स्थान




नोएडा के एमिटी विवि में अपनी प्रस्तुति के बाद बीआरएबीयू की टीम।

मुजफ्फरपुर, प्रसं। नोएडा की एमिटी विवि में चल रहे 38वें एआईयू युवा महोत्सव में बीआरएबीयू की टीम ने मिमिक्री और समूह लोकनृत्य में तीसरा पुरस्कार प्राप्त किया है। इसकी जानकारी सांस्कृतिक समन्वयक प्रो इंदुधर झा ने दी।

उन्होंने बताया कि एलएस कॉलेज के रजनीश कुमार ने मिमिक्री में तीसरा पुरस्कार प्राप्त किया। समूह लोकनृत्य में अर्पिता कुमारी (एमजेके कॉलेज बेतिया), शुगुन श्रीवास्तव, आस्था राज, समीक्षा कुमारी, श्वेता कुमारी (एलएनटी कॉलेज), अनन्या कुमारी एवं बरखा कुमारी (डॉ. आरएमएलएस कॉलेज), साक्षी प्रिया, अंजली कुमारी एवं श्रुष्टि प्रसून (आरडीएस कॉलेज) तथा शिवांशि शंकर एवं कौशिकी पूजा (एमडीडीएम कॉलेज) ने अपनी प्रस्तुति दी। तबला वादक मुकुंद कुमार, पारकर्सन वादक कुन्दन कुमार और हारमोनियम वादक अंकित कुमार ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन कर टीम की प्रस्तुति में चार चांद लगा दिया।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**


**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE: 08.03.2025, PAGE-02**

# लोकनृत्य और मिमिक्री में विश्वविद्यालय को तीसरा स्थान

- एलएस कालेज के रजनीश को मिला मिमिक्री में तीसरा पुरस्कार
- एमिटी विश्वविद्यालय के प्रांगण में चला प्रैक्टिस सेशन
- प्रो. इन्दुधर झा ने प्रतिभागियों की सफलता को सराहा

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक टीम ने 38वें एआइयू (राष्ट्रीय युवा महोत्सव) के समूह लोकनृत्य और मिमिक्री में तीसरे स्थान पर कब्जा जमाया। सांस्कृतिक समन्वयक प्रो. इन्दुधर झा ने कहा कि हमारे प्रतिभागियों की मेहनत और लगन का ही यह सकारात्मक परिणाम है। विश्वविद्यालय परिसर और फिर एमिटी विश्वविद्यालय के प्रांगण में चले प्रैक्टिस सेशन में प्रतिभागियों ने अपनी मेहनत में कहीं कोई कसर नहीं छोड़ी।

उन्होंने आगे कहा कि नृत्य कारियोग्राफर और टीम मैनेजर डा. पयोली की ओर से दिया गया सफल प्रशिक्षण ही हमारे प्रतिभागियों को इस मुकाम पर पहुंचाया है। रजनीश कुमार एलएस कालेज ने मिमिक्री में तीसरा पुरस्कार प्राप्त किया। समूह लोकनृत्य में अर्पिता कुमारी एमजेके कालेज बेतिया, शुगुन श्रीवास्तव, आस्था राज, समीक्षा कुमारी, श्वेता कुमारी एलएनटी कालेज, अनन्या कुमारी एवं बरखा कुमारी, डा. आरएमएलएस कालेज, साक्षी प्रिया, अंजली कुमारी एवं श्रृष्टि प्रसून आरडीएस कालेज तथा शिवांशी शंकर एवं कौशिकी पूजा एमडीडीएम कालेज समूह-नृत्य में अपनी प्रस्तुति दी। तबला वादक, मुकुंद कुमार, पारकर्सन वादक, कुन्दन कुमार और हारमोनियम वादक, अंकित कुमार ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन कर टीम की प्रस्तुति में चार चांद लगा दिया।




लोकनृत्य प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त करने के बाद विश्वविद्यालय की टीम • सौ. स्वयं

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE: 08.03.2025, PAGE-04

# विवि को समूह लोकनृत्य व मिमिक्री में तीसरा पुरस्कार

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू की सांस्कृतिक टीम ने 38वें एआइयू युवा महोत्सव के समूह लोकनृत्य व मिमिक्री में तीसरा पुरस्कार प्राप्त किया. सांस्कृतिक समन्वयक प्रो इन्दुधर झा ने कहा कि हमारे प्रतिभागियों की मेहनत व लगन का ही यह सकारात्मक परिणाम है. विवि परिसर में चलाए गये 17 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर व फिर एमिटी विवि के प्रांगण में चलाये गये प्रैक्टिस सेशन में प्रतिभागियों ने अपनी मेहनत में कहीं कोई कसर नहीं छोड़ी. उन्होंने कहा कि नृत्य कॉरियोग्राफर व टीम मैनेजर डॉ पयोली द्वारा दी गयी सफल प्रशिक्षण ही हमारे प्रतिभागियों को इस मुकाम पर पहुंचाया है. कुलपति प्रो दिनेश चंद्र राय, सांस्कृतिक टीम के सदस्य प्रो रजनीश गुप्ता, प्रो कल्याण झा, डॉ तुलिका सिंह ने सभी सदस्यों को बधायी दी.




युवा महोत्सव के समूह लोक नृत्य व मिमिक्री मे विजेता विवि की टीम.